## विधायक देवेंद्र यादव की पहल से करोड़ों की लागत से होंगे खुर्सीपार क्षेत्र में विकास, केनाल रोड व एमपीआर रोड होगा देखने लायक, इस रोड पर होगा साउंड सिस्टम, सीटिंग अरेंजमेंट, सेल्फी प्वाइंट से लेकर सब कुछ जो बनाएगा इसे खास, अंदरूनी क्षेत्रों के सड़कों का भी होगा डामरीकरण, धूल मुक्त होंगी सड़कें, विधायक देवेंद्र यादव व महापौर नीरज पाल ने रखी आधारशिला

भिलाई नगर/ खुर्सीपार क्षेत्र में विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के प्रयासों से लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज एक और विकास कार्य की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली है। दो करोड़ की लागत से केनाल रोड व एमपीआर रोड में विकास और सौंदर्यीकरण के काम होंगे तथा एक करोड़ की लागत से खुर्सीपार क्षेत्र के अंदरूनी सड़कों का डामरीकरण किया जाएगा। इसके लिए आज विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल ने मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की। इस दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू , जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव , लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर , पार्षद डी सुजाता, एम लक्ष्मी गोपाल, विधायक प्रतिनिधि डी कॉम राजू, तुलसी पटेल, डी नागमणी तथा मोहल्ले वासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। भूमिपूजन के अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि इस सड़क की मांग काफी समय से की जा रही थी , जो आज पूरी हो रही है। मेट्रो सिटी की तर्ज पर भिलाई के खुर्सीपार में सड़क डामरीकरण के साथ ही सड़कों के विकास और सौंदर्यीकरण के भी काम होंगे। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि ऐसे और भी विकास कार्य होते रहेंगे , जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। महापौर नीरज पाल ने कहा कि सड़क सौंदर्यीकरण और डामरीकरण को लेकर निगम प्रशासन गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है , लोगों की सुविधाओं को देखते हुए कई क्षेत्रों की सड़कें दुरुस्त हो रही है। खुर्सीपार क्षेत्र की सड़कें भी धूल मुक्त हो जाएगी। निगमायुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तथा शीघ्रता के साथ सड़कों की दिशा में काम करने